Tirupati Balaji Group / Established 2009 / Ghaziabad
R.N.I. No.UPBIL/2009/28691, DAVP Code : 101473

Page 8 / Price Rs. 2.00 / Ghaziabad, Sunday, 14th May 2017
Postal Registration No. UP/GBZ-80/2016-18

TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Vol / Year-8 Issue - 49

Hindi / English (Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad

dUn ,o m0i0 ljdkj }kjk foKkiu gsrq ekU;rk izkIr

www.tbcgzb.com

News of the week

,d tqykbZ 2017 ls iLrkfor th,lVh ykxw gksus ds ckn Qku ij ckr djuk egaxk gks tk,xkA blds vykok ,Vh,e o vU; cSfdax lsokvksa dk pktZ vkSj cheka izhfe;e Hkh c<+ tk,xkA njvly th,lVh dh pkj vyx&vyx njsa r; dh xbZ gSaA

Inside Ghaziabad

ist ucj&nks यहां भी हो सकती है मथुरा जैसी घटना

ist ucj&ikap High tension for visitors as power lines tower...

TIRUPATIEYE

नगर निगम के निलंबित 21 कर्मचारी हुए बहाल

xkft;kckn% नगर निगम में वेतन वृद्धि को लेकर धरना प्रदर्शन करने वाले निलंबित 21 कर्मचारियों को बहाल कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए उपनगरायुक्त डीके सिन्हा ने बताया कि सफाई नायक जय प्रकाश, महेश व रवि को बहाल किया गया है, इनके अलावा कार्यवाहक वाहन चालक सुभाष, सफाई कर्मचारी संजय, इकराम, किरनपाल, हरेंद्र, प्रदीप, जफरियाजुद्दीन, सुरेश, सुरेश द्वितीय, अजीत, सलीम अब्बासी, सतीश को बहाल किया गया, इसके पहले पांच कर्मचारियों को बहाल किया जा चुका था। बता दें कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि की मांग करते हुए न सिर्फ धरना प्रदर्शन किया था, बल्कि नगरायुक्त का पुतला फूंकने के साथ ही नगर निगम कार्यालय में कूड़ा भी बिखेर दिया था, इसके बाद इमरजेंसी कार्यकारिणी बैठक बुलाकर वेतनवृद्धि का प्रस्ताव पास किया था, इसके बावजूद धरना देने वाले कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया था।

एसडीएम ने सुनी आपत्तियां

xkft;kckn% बुधवार को एसडीएम अतुल कुमार की अध्यक्षता में तहसील सभागार में सभासदों, पूर्व सभासदों एवं गणमान्य लोगों की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान लोगों ने नए परिसीमन को लेकर एसडीएम के समक्ष अपनी आपत्तियां दर्ज कराई। जिनका एसडीएम ने जांच कराने का आश्वासन दिया। एसडीएम अतुल ने बताया कि नए परिसीमन को लेकर कई वार्डों के सभासदों ने अपनी आपत्तियां दर्ज कराई हैं। जिनकी जांच कराने के आदेश दिए गए हैं। कई सभासद ऐसे भी थे, जिन्होंने वार्ड परिसीमन को लेकर संतोष जाहिर किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार अभिषेक शाही, अर्चना शर्मा, मोदीनगर पालिका ईओ अनुज कौशिक, निवाड़ी ईओ प्रदीप कुमार, फरीदनगर एवं पतला ईओ भी मौजूद रहे।?

बिल्डरों को दिए मकानों की सूची जारी करने के निर्देश

xkft;kckn% जीडीए सचिव रविंद्र गौड़बोले ने बुधवार को बिल्डरों के साथ बैठक कर पांच हजार ईडब्लूएस और एलआइजी फ्लैट की सूची सौंपने के निर्देश दिए हैं। इंटीग्रेटेड और हाइटेक बिल्डिंग बनाने वाले छह बिल्डरों ने जीडीए की योजना के तहत फ्लैटों का निर्माण कराया था। जीडीए सचिव ने एक सप्ताह में सूची सौंपने के निर्देश दिए है, जिससे योजना के तहत तैयार कराए गए मकानों का ड्रा कराया जा सके।

रात में लगाए यूनिपोल, टांग दिया कोर्ट स्टे

lhvkbZ,l,Q jksM bfnjkiqje dk ekeyk] pkgdj Hkh ugha gVk ik jgk fuxe

xkft;kckn% सोमवार रात करीब डेढ बजे सीआईएसएफ रोड सुनसान। कुछ लोग एक जेसीबी लेकर सीआईएसएफ रोड पर एक यूनिपोल को लगा रहे है। करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद वे यूनिपोल को डिवाइडर पर कनावनी पुलिस चौकी के निकट लगाने में सफल हो जाते है। तभी एक युवक यूनिपोल पर एक प्लेट लगाता है उस पर कोर्ट का स्टे आर्डर लगा देता है। कोर्ट स्टे आदेश 22/03/2017 न्यायालय सिविल जज सीडी, गाजियाबाद वाद संख्या 1000/16 है। ऐसा कोई सीआईएसएफ रोड पर ही नहीं रात के अंधेरे में मोहन नगर व वसुंधरा जोन में कई स्थानों पर होता है।

ठेकेदार के कुछ कर्मचारी रात में अवैध यूनिपोल को लगाते है और उन पर कोर्ट का स्टे ऑर्डर लगा देते है। ताकि नगर निगम चाहकर भी इन पर कार्रवाई न कर सकें। यदि इनकी जांच की जाए तो ऐसे अवैध यूनिपोल की संख्या सैकड़ों में है। कोर्ट स्टे एक स्थान का लेकर दूसरे स्थान पर यूनिपोल को लगाकर स्टे आर्डर की प्लेट लगा दी जाती है। यह खेल नगर निगम की मिलीभगत से चलता है। इतना ही नहीं नवयुग मार्केट, लिंक रोड, जीटी रोड पर हर तीसरे यूनिपोल पर आपको कोर्ट स्टे का आर्डर टंगा दिखाई देगा। जिन पर विज्ञापन बदलते रहते है। इन अवैध यूनिपोल पर

lhvkbZ,l,Q jksM ij yxs ;fuiky ij yxh IysV ftl ij yxk gS dksVZ dk LVs vkMZjA bu ij Bsdsnkj }kjk foKkiu cnyrs jgrs gSaA tcfd dksVZ LVs gksus ij tks foKkiu yxk gS mls ugha gVkuk pkfg,A

नगर निगम कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे ठेकेदार जमकर काली कमाई कर रहे है।

vkjVhvkbZ ds rgr ekaxh lwpuk

सराय नजर अली निवासी डा. धीरज कुमार भार्गव व करहैड़ा कालोनी निवासी सुंदर सिंह ने नगर निगम से शिकायत कर इस मामले का पर्दाफाश करने की मांग की है। इतना ही नहीं डा.धीरज कुमार भार्गव ने आरटीआई के तहत मोहन नगर जोन, वसुंधरा जोन, कविनगर जोन, सिटी जोन में लगे होर्डिंगों की संख्या के साथ ही उनका साइज व प्रतिवर्ष होर्डिंगों से होने वाली आय के बारे में पूछा है। जिसका जवाब दो सप्ताह बाद भी नहीं मिला है। इसके अलावा सुंदर सिंह ने नगर निगम में आरटीई से सूचना मांगी है कि वर्ष 2010 से 31 मार्च 2017 तक जनपद में कितने होर्डिंग लगाने की अनुमति दी गई। वर्षवार विवरण उपलब्ध कराएं, अवैध होर्डिंगों को हटाने की कार्रवाई कब–कब की गई और कितने होर्डिंग हटाए गए। वर्ष 2010–11, वर्ष 2011–12, वर्ष 2012–13, वर्ष 2013–14, वर्ष 2014–15, वर्ष 2015–16, वर्ष 2016–17 में जनपद में लगे होर्डिंगों से नगर निगम को कितनी आय हुई। इसका वर्षवार विवरण मांगा है। वहीं नगर निगम के प्रत्येक जोन में होर्डिंग का ठेका किसके पास है। उस ठेकेदार का नाम, ठेका देने व समाप्ति की तिथि, प्रत्येक जोन में कितने का ठेका छूटा सहित पूरा विवरण भी मांगा है।

डीएम ने किया एमएमजी जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

xkft;kckn% जिला एमएमजी अस्पताल में बुधवार को डीएम मिनिस्ती एस. ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ के गैरहाजिर रहने पर वेतन रोकते हुए डीएम ने स्पष्टीकरण तलब किया है। अव्यवस्थाएं देख भड़कीं डीएम ने सफाईकर्मी को सस्पेंड करने का आदेश देते हुए कई दिन से अनुपस्थित महिला चिकित्सक का वेतन रोकते हुए जवाब मांगा है। साथ ही व्यवस्थाएं जल्द पटरी पर नहीं आने पर कार्यवाही की चेतावनी दी है। बुधवार सुबह डीएम मिनिस्ती एस. एमएमजी जिला चिकित्सालय पहुंच गईं। यहां उन्होंने महिला अस्पताल में पूरे परिसर समेत विभिन्न वार्डों व ऑपरेशन रूम का निरीक्षण किया। डीएम ने मरीजों से सीधे बात कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीएमओ अजेय अग्रवाल के नदारद रहने पर डीएम ने कड़ी आपत्ति जाहिर की। डीएम ने सीएमओ का वेतन रोकने के साथ ही स्पष्टीकरण तलब किया। अवकाश स्वीकृत कराए बिना गैरहाजिर मिलने पर डीएम ने एक नियमित सफाईकर्मी को निलंबित करने के आदेश दिए। चिकित्सालय में

तैनात एकमात्र महिला सर्जन अनुपस्थित मिलीं। पता करने पर बताया गया कि वह रविवार से नहीं आई हैं और न ही उनका कोई अवकाश आवेदन पत्र ही मिला। इसके चलते ऑपरेशन के लिए महिला मरीजों को अन्यत्र भेजा जा रहा है। डीएम ने महिला चिकित्सक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए वेतन रोकने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि एक सर्जन चिकित्सालय में 24 घंटे उपलब्ध रहने चाहिए। डीएम ने महिला अस्पताल की सीएमएस डा. दीपा त्यागी से अस्पताल में तैनात व छुट्टी पर चल रहे सभी श्रेणी के चिकित्सक–कर्मियों की सूची तलब की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने भर्ती महिलाओं को दिए जा रहे भोजन की जानकारी ली तो बताया गया कि खिचड़ी दी जा रही है।

Fee hike: Parents seek panel report

Ghaziabad: More than 150 parents held a four-hour long symbolic strike outside the office of district magistrate, Ministhy S, on Sunday and demanded that a three-member district committee's recent report over the fee hike issue should be made public. The protesting parents also complained that the district administration has passed the buck to the state government over the issue. Navneesh Rana, one of the protesters, said the parents wanted an assurance that the schools in the district would not charge the hiked fees before the state government comes up with a decision. "The report and its findings should have been made public. We were waiting from May 11 hoping that our problems will be resolved by the administration. This has left us more confused instead," he said. The three-member investigation panel had shared a report over

the fee hike issue with the administration on May 11 following relentless protests by parents. Meanwhile, Ministhy S, district magistrate of Ghaziabad told TBC that she had repeatedly reminded the parents that she had already raised the issue with CBSE and the chief minister's office. "If the state government is already looking into the policy loopholes, independent decisions cannot be taken in different districts. The only other way for parents is to approach the court of law," she asserted. Seema Tyagi, one of the leading protesters, said that Sunday's protest was only symbolic in nature and the parents are ready to expand their protest if they do not get a satisfactory response.

नलकूप न चलने पर किया हंगामा

xkft ;kckn% नंदग्राम में दो पानी के नलकूपों के रिबोर कराने की मांग को लेकर लोगों ने महापौर के सामने हंगामा किया। शाम के समय विकास कार्यों का उद्घाटन करने पहुंचे थे। वहां पर मौजूद लोगों ने कहा कि बिजली कटौती के चलते लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है, इसके अलावा पंप पर कार्यरत कर्मचारी समय पर मोटर नहीं चलाते हैं, इससे लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता है। महापौर आशु वर्मा ने लोगों की समस्याएं निस्तारित करते हुए कहा कि जिन नलकूपों पर बिजली के कारण मोटर संचालित नहीं हो पा रहे हैं, वहां पर जनरेटर लगाए जाएं। जांच करने पर पता चला कि एफ ब्लॉक में बिना मोटर के संचालित हो जाएगा, जबकि ई ब्लॉक में जनरेटर लगा दिया। महापौर ने कहा कि जिन ब्लॉकों में रिबोर होने हैं या नए बोड्क्षरग कराए जाने की आवश्यकता है वहां पर अवस्थापना निधि से जल्द ही रिबोर और नई बोरिंग कराई जाएगी।

यहां भी हो सकती है मथुरा जैसी घटना

xkft ;kckn% लगता है कि गाजियाबाद पुलिस भी मथुरा में हुई सुनारों के साथ जैसी वारदात के इंतजार में बैठी है। यही कारण है कि मथुरा कांड से पुलिस ने कोई सीख नहीं ली है और पुलिस अपने पुराने ढर्रे पर चल रही है। जिले के मुख्य बाजारों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में न तो महिला सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं और न ही व्यापारियों की सुरक्षा की योजना तैयार की गई है। मथुरा में हुई वारदात के बाद बुधवार को रिपोर्टर ने शहर के मुख्य बाजारों में जाकर पुलिस व्यवस्था की हकीकत जानने की कोशिश की तो हकीकत दावों से काफी परे दिखाई दी। सतर्कता के नाम पर पुलिस बाजारों से गायब दिखाई दी। किसी भी बाजार में पुलिस की गश्त नाममात्र के लिए भी दिखाई नहीं दी। यह हाल तो तब है जब प्रदेश में योगी सरकार व्यापारियों व महिला सुरक्षा को प्राथमिकता में लेकर काम कर रही है। इसके बावजूद गाजियाबाद में यह प्राथमिकता जीरो दिखाई दी। अंबेडकर रोड व तुराबनगर जिले के मुख्य बाजारों में शुमार है। तुराबनगर बाजार महिलाओं व अंबेडकर रोड नामीग्रामी कंपनियों व ज्वैलरी शोरूम के लिए प्रसिद्ध है। बुधवार को इन दोनों बाजारों में पुलिस नदारद दिखाई दी। बाजारों में चहल–पहल थी और बड़ी संख्या में लोग खरीददारी के लिए आ रहे थे लेकिन न तो मौके पर पुलिस की कोई भी गाड़ी मौजूद थी और न ही पुलिसकर्मी। सिहानी गेट बाजार भी कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक आइटम व अन्य शोरूमों के लिए विख्यात है। यहां भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए आते हैं। सिहानी गेट से सटे हुए नवयुग मार्केट में बड़ी संख्या में बैंक मौजूद है। बुधवार दोपहर दोनों बाजारों में पुलिस दिखाई नहीं दी। सिहानी गेट बाजार में नवयुग मार्केट चौकी पर तो कुछ पुलिसकर्मी मौजूद थे लेकिन सड़कों पर पुलिस दिखाई नहीं दी। चौपला बाजार जिले का मुख्य सर्राफा बाजार है। यहां छोटे बड़े सुनारों की दुकाने हैं और प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए आते हैं। पूर्व में यहां कई बड़ी आपराधिक वारदात भी हो चुकी हैं। बुधवार दोपहर यहां भी पुलिस पूरी तरह से गायब दिखाई दी। न तो पुलिस की गश्त थी और न ही आसपास कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद था। इसके चलते यहां भी बदमाश कभी भी किसी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। एसएसपी हरिनारायण सिंह का कहना है कि जिले के मुख्य बाजारों में पुलिस को लगातार गश्त के निर्देश दिए गए हैं। सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक पुलिस बैंक ड्यूटी में व्यस्त रहती है, इसके साथ ही पुलिस को सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

fotrk VkQh ij iFkj dk dCtk

xkft ;kckn% लोहा विक्रेता मंडल द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच स्टील पैंथर और स्टील वॉरियर के बीच एबीईएस इंजीनियरिंग कालेज के मैदान पर खेला गया। रोमांच से भरे मैच में स्टील पैंथर ने जीत हासिल कर ट्राफी पर कब्जा किया। टॉस जीतकर स्टील पैंथर के कप्तान अतुल जैन ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी जोड़ी के आउट होने के बाद अखिलेश जैन ने 38 रन की पारी खेलकर टीम को संभाला। उनके अलावा सिद्धांत और रवि जैन ने 17–17 और शुभम जैन ने 29 रन का योगदान दिया। स्टील पैंथर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 166 रन का स्कोर खड़ा किया। स्टील वॉरियर की तरफ से हर्ष ने तीन और आशीष, अर्चित ने 2–2 विकेट लिए। जवाब में स्टील वॉरियर की टीम बुरी तरह से लडखड़ा गई। उसके शुरुआती पांच बल्लेबाज 32 रन के स्कोर पर आउट हो गए। मध्यमक्रम में मधुर ने 42 और अनिकेत ने 17 रन बनाकर टीम को संभाला लेकिन जीत के लिए दोनों के प्रयास नाकाफी थे।

गरीबों के निवाले पर डाके के खिलाफ भड़के

xkft ;kckn% शहर के विभिन्न इलाकों के बाशिंदों ने बुधवार को सीपीएम और माकपा के बैनर तले प्रदर्शन कर राशन की कालाबाज. ारी का आरोप लगाते हुए गरीबों को राशन मुहैया कराने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाहीं की मांग की। बुधवार को माकपा नेता बृजेश ड्क्षसह के नेतृत्व में दज. र्नों लोग कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां कलक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन करते हुए गरीबों के राशनकार्ड बनाने कर राशन मुहैया कराने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कुछ राशनडीलर सस्ती दरों पर मिलने वाले खाद्यान्न व अन्य जरूरी सामानों की कालाबाजारी कर रहे हैं। उन्होंने डीएम से कार्यवाही की मांग की। संजो, बबली, रामकिशन, सतीश, कालू, हरभजन आदि समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

कूड़े के ढेर में आग से खाक हुई दो बस

xkft ;kckn% संजयनगर बस अड्डे में खड़ी दो बस पास में जल रहे कूड़े की चपेट में आग गई और दोनों में आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाडियों ने आग पर बमुश्किल काबू पाया लेकिन तब तक बस काफी हद तक जल चुकी थी। घटना कविनगर थाना क्षेत्र की है। गोविंदपुरम निवासी भगवती प्रसाद शर्मा की बस एएलटी से आनंद विहार के बीच चलती है। मंगलवार रात बस संजयनगर बस अड्डे पर खड़ी हुई थी। इस दौरान पास में कूड़े में आग लग रही थी। आग धीरे–धीरे बढ़कर बसों तक पहुंच गई और दोनों बसों में आग लग गई। आग की लपटें उठती देखकर आसपास के लोगों ने रात 12 बजे दमकल विभाग को सूचना दी।

कैंप लगाकर जांच की गई

xkft ;kckn% इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे के अवसर पर बुधवार को शहर के 20 स्थानों पर कैंप लगाकर ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच की गई।

प्रेजिडेंट डॉ. राजीव गोयल ने बताया कि डॉ. वी. बी. ड्क्षजदल, डॉ. राम कपूर, डॉ. सुभाष अग्रवाल, डॉ. वाई. पी. ड्क्षसघल, डॉ. एच. एच. डी. भारद्वाज, डॉ. दीपक अग्रवाल, डॉ. राजीव गोयल, डॉ. के. एम. सिंह, डॉ. मधु पोद्दार, डॉ. फैज अहमद, डॉ. पंकज अग्रवाल व डॉ. प्रह्लाद चावला ने अपने–अपने क्लीनिक पर बुधवार सुबह 9–12 तक ब्लड प्रेशर की जांच की गई। इस दौरान 900 से अधिक लोगों की जांच की गई, जिनमें से 350 लोगों में हाइपरटेंशन की समस्या पाई गई। वहीं सुबह के समय ही छह पार्कों में भी अलग–अलग टीम ने ब्लड शुगर की जांच की गई। इस दौरान 100 लोगों की जांच हुई, जिनमें से 28 लोगों का शुगर ज्यादा पाया गया।

क्षतिग्रस्त डिवाइडरों को दुरूस्त कराने पर नहीं है सरकारी अमले का ध्यान

xkft ;kckn% दिल्ली–मेरठ हाईवे के बीच में क्षतिग्रस्त पड़े डिवा. इडरों को दुरूस्त कराने के लिए सरकारी अमले का कोई ध्यान नहीं है। जबकि इनके कारण हाईवे पर हादसों में दिन प्रति. दिन इजाफा हो रहा है। क्षतिग. स्त डिवाइडर हाईवे पर जाम का भी बड़ा कारण बन रहे हैं। दिल्ली–मेरठ हाईवे के बीच में बने डिवाइडर लंबे समय से क्षतिग्रस्त हुए पड़े हैं। कहीं–कहीं स्थानीय लोगों ने इन्हें अपनी सुविधा के हिसाब से तोड़कर आवाजाही का रास्ता बना लिया है, जबकि कुछ तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर से टूट चुके हैं। इसी के चलते मोद. ीनगर मुरादनगर में हादसे भी होते रहते हैं। हादसों के साथ–साथ क्षतिग्रस्त डिवाइडर हाईवे पर जाम लगने का भी बड़ा कारण बन रहे हैं। लेकिन इस समस्या की तरफ सरकारी मशीनरी का कोई ध्यान नहीं है। हर साल कांवड़ मेले में क्षतिग्रस्त डिवाइडरों पर बल्ली बांधकर ट्रैफिक वनवे किया जाता है। इसमें पालिका का लाखों का खर्च आता है। यदि डिवाइडरों को स्थाई रूप से दुरूस्त करा दिया जाए तो डिवाइडर कांवड़ यात्रा में भी मददगार साबित होंगे। पालिका का लाखों का खर्च भी होने से बच. गा और समस्या का स्थाई समाधान होगा। एसडीएम मोदीनगर अतुल कुमार का कहना है कि हाईवे के बीच में क्षतिग्रस्त पड़े डिवाइडरों को दुरूस्त कराने के लिए ईओ से बात की गई है। कांवड़ यात्रा से पहले ही डिवाइडरों को दुरूस्त कराया जाएगा।

दिल्ली–मेरठ हाईवे पर फिर जाम से जूझे वाहन

xkft;kckn% दिल्ली–मेरठ हाईवे पर दो दिन से जाम की स्थिति में कोई सुधार नहीं आ रहा है। वाहनों की अधिकता एवं भारी संख्या में ट्रकों के आ जाने से बुधवार को सौंदा कट के पास भयंकर जाम लग गया। इससे राहगीरों को भारी समस्या हुई। पुलिसकर्मी कटों पर तैनात नहीं रहने के कारण हाईवे पर यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। बुधवार दोपहर को हापुड़ की तरफ से एक साथ 10–12 ट्रक आ गए। ट्रकों के मेरठ की तरफ मुडने के चक्कर में हाईवे पर वाहनों की रफ्तार पर विराम लग गया। थोड़ी ही देर में हालत यह हो गई कि मेरठ से गाजियाबाद की तरफ जा रहे वाहनों की कतारें महेंद्रपुरी कट तक पहुंच गईं। गाजियाबाद की तरफ से आने वाले वाहनों को भी जाम से जूझना पड़ा। उधर भी जाम थाने के सामने तक पहुंच गया। इससे राहगीरों को भारी समस्या हुई। बस, ऑटो और अन्य वाहनों में सवार बच्चे, बूढ़े व महिलाओं को जाम के साथ भीषण गर्मी ने रूलाने का काम किया। जाम में फंसे राहगीरों ने सिस्टम के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। लोगों का कहना था कि पुलिस–प्रशासन का जाम की तरफ कोई ध्यान नहीं है। यदि कटों पर पुलिसकर्मी तैनात कर दिए जाएं तो स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है। बता दें कि हाईवे पर दो दिन से दोबारा जाम की स्थिति बन रही है। इसके बावजूद पुलिस–प्रशासनिक अधिकारी चुप्पी साध रहे हैं। इस बारे में एसएचओ ध्रुवभूषण दुबे का कहना है कि हाईवे स्थित कटों पर पुलिसकर्मियों की डयूटी लगाई गई है। जाम की स्थिति से निपटने के लिए विशेष योजना बनाई गई है। राज चौपला कट के निकट विभिन्न क्लीनिक और प्रतिष्ठानों के सामने अवैध पार्किंग जाम का बड़ा कारण बन रही है। जब लोगों को जगह नहीं मिल पाती है तो वह अपने वाहनों को सड़क के बीच में ही खड़ा कर देते हैं, इसी के चलते स्थिति विकराल हो जाती है।

फैक्ट्रियों के ऑनलाइन पंजीकरण बन रहे हैं सिरदर्द

xkft;kckn% जिला उद्योग केंद्र से औद्योगिक इकाईयों को मिलने वाले पंजीकरण ऑनलाइन होने से रिहायशी क्षेत्रों में बोझ बढ़ रहा है। ऑनलाइन पंजीकरण के चलते कई रिहायशी क्षेत्रों में फैक्ट्रियां धड़ल्ले से खुल गई हैं, जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को उठाना पड़ रहा है। इस मामले पर अधिकारियों का कहना है कि रिहायशी क्षेत्रों में खुलने वाली इकाईयों की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऑनलाइन पंजीकरण के दम पर फैक्ट्री संचालक अन्य विभागों से एनओसी भी हासिल कर लेते हैं और फैक्ट्री लगाने में उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं होती। जिला उद्योग केंद्र द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण होने वाली फैक्ट्रियों का भौतिक सत्यापन भी नहीं हो पाता। इस वजह से नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए धड़ाधड़ फैक्ट्री खुल पा रही हैं। खासकर मुरादनगर, मोदीनगर में रिहायशी क्षेत्रों में खुल रही औद्योगिक इकाईयां जिला उद्योग केंद्र और स्थानीय लोगों के लिए सिरदर्द बनी हुई हैं। अप्रैल महीने में जिला उद्योग केंद्र से 221 ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लोगों ने कराए। विभाग से वर्ष 2016 में 4715 और वर्ष 2015 में 1239 लोगों ने औद्योगिक इकाईयों के लिए रजिस्ट्रेशन कराए। वर्ष 2015 के मुकाबले 2016 में रजिस्ट्रेशन की संख्या लगभग तिगुनी हो गई। इस तरह से खुल रही फैक्ट्री रिहायशी इलाकों के लिए खतरा भी हो सकती हैं। उपायुक्त उद्योग सिद्धार्थयादव का कहना है कि पहले औद्योगिक इकाईयों के आवेदन के बाद विभाग के एरिया मैनेजर क्षेत्र का सर्वे करते थे, इसके बाद ही सही स्थल और मानकों को देखकर पंजीकरण दिया जाता था। ऑनलाइन व्यवस्था होने से लोग इसका गलत फायदा उठा रहे हैं। ऑनलाइन पंजीकरण के बाद अन्य विभागों की एनओसी भी विभाग हासिल कर लेता है और इसकी जांच नहीं हो पाती। विभाग जल्द ही रिहायशी क्षेत्रों में चल रही औद्योगिक इकाईयों की जांच कराएगा। इसकी रिपोर्ट शासन को कराई जाएगी।

शासन ने गालंद में 18 एकड़ में प्लांट लगाने की दी स्वीकृति

xkft;kckn% गालंद में 18 एकड़ में वेस्ट टू एनर्जी का प्लांट लगाने की अनुमति दे दी है। 200 करोड़ की लागत से बनने वाले प्लांट को तैयार करने के लिए जल्द ही कूड़े से बिजली बनाने वाली फर्मों को आमंत्रित जाएगा। नए प्लांट से 15 सौ मीट्रिक टन कूड़े से 15 मेगावाट बिजली बनाई जा सकेगी, इससे दोहरा लाभ मिलेगा, एक तरफ शहर को कूड़े से निजात मिलेगी तो दूसरी तरफ बिजली की समस्या से निजात मिलेगी। गौरतलब है कि प्रतिदिन शहर से करीब एक हजार मीट्रिक टन कूड़ा निकल रहा है। स्थाई डंपिंग ग्राउंड की व्यवस्था नहीं होने से कूड़े के निस्तारण में बड़ी समस्या आ रही है। प्रताप विहार में बनाए गए अस्थाई डंपिंग ग्राउंड का विरोध होने व एनजीटी के आदेश के बाद शहर के कूड़े के निस्तारण के लिए गालंद में 18 एकड़ जमीन जीडीए द्वारा दी गई है। नगर आयुक्त अब्दुल समद का कहना है कि शासन ने प्लांट लगाने की स्वीकृति दे दी है। जल्द ही इस पर कार्य शुरू कराया जाएगा। प्लांट लगने से शहर को लोगों को कूड़े की गंदगी से निजात मिलेगी और बिजली उत्पादन से बिजली की किल्लत भी दूर होगी। लगभग दो सौ करोड़ की लागत से बनने वाले प्लांट को पीपीपी मॉडल पर तैयार किया जाएगा।

शासन के रडार पर आए सेल्स टैक्स विभाग के अफसर

xkft;kckn% नई तबादला नीति से जहां सालों से एक जगह जमे अफसरों की चूलें हिला दी हैं, वहीं एनसीआर में मलाई काट रहे सेल्स टैक्स विभाग के अफसरों की खास विदाई का इंतजाम शासन ने किया है। रडार पर आए सेल्स टैक्स विभाग के अफसरों के तबादले का फरमान सुनाते हुए नोएडा और गाजियाबाद में तैनात अफसरों को खासतौर से बुंदेलखंड के जिलों में भेजने को ताकीद किया है। शासन के निर्देश पहुंचते ही महकमे के अफसरों में हडकंप मच गया है। एनसीआर में तैनाती के लिए विभिन्न विभागों के अफसर साम, दाम, दंड, भेद की नीति अपनाने से भी नहीं चूकते। राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र में भी खासतौर से गाजियाबाद और नोएडा जिले अफसरों की पहली पसंद बने हैं। सपा सरकार में अफसरों ने मनचाही तैनाती पाकर खूब चांदी काटी। सेल्स टैक्स विभाग में गाजियाबाद–नोएडा में तैनाती के लिए सपा शासन में हुई मारामारी जगजाहिर है। गाजियाबाद में सेल्स टैक्स विभाग के दोनों जोन के तहत 19 खंडों में अपनी पहुंच और रसूख के चलते अधिकारियों ने पोस्टिंग हासिल की। मनचाही तैनाती पाने वालों में कई अधिकारी जहां सपा सरकार में मंत्री रहे माननीयों के रिश्तेदार हैं तो कई अधिकारियों के लखनऊ में बैठे उच्चाधिकारियों से घनिष्ट संबंध हैं। इसके चलते विभाग में कुछ अधिकारियों ने कमाऊ खंडों में तैनाती हासिल कर ली। शासन से तबादला नीति जारी होते ही वाणिज्य कर आयुक्त ने विस्तृत आदेश जारी कर विभागीय अफसरों की नींद उड़ा दी। इसके तहत विभागीय अफसर–कर्मियों को जिलों और मंडल में तीन वर्ष पूरे करने पर दूसरे जिलों और मंडलों में स्थानांतरित करने का फरमान सुनाते हुए सूची तलब की। वाणिज्य कर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिले–जोन में तैनात अफसरों का पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में तबादला किया जाएगा। इसमें भी विशेष तौर से नोएडा और गाजियाबाद का उल्लेख करते हुए यहां के अफसरों को बुंदेलखंड में तैनात करने का हुक्म सुनाया है। सचल दल में तीन बार से ज्यादा तैनाती नहीं : दिल्ली से रोजाना करोड़ों रुपये का माल गाजियाबाद के रास्ते उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में पहुंचता है। ऐसे में नोयडा–गाजियाबाद में तैनाती के साथ ही सचल दल में शामिल होने के लिए अफसर–कर्मी एड़ी–चोटी एक करते दिखे हैं। वाणिज्य कर आयुक्त ने जारी तबादला नीति में सचल दल में तैनाती के लिए भी नियम कड़े करते हुए बदलाव किया है। सचल दल में तैनात अधिकारियों की हर तीन महीने पर मुख्यालय से समीक्षा करने के निर्देश के साथ ही तीन बार पोड्क्षस्टग पा चुके अधिकारियों को चौथी बार सचल दल में नियुक्त नहीं करने का फरमान सुनाया है।

v,uykbu vkonu dj ldx

vQlj% विभागीय सूत्रों की माने तो शासन ने अंगद के पांव बने अफसरों और घाघ कर्मचारियों की सूची तैयार करनी शुरू कर दी है। ऐसे में राहत तलाश अफसरों के लिए ऑनलाइन आवेदन संजीवनी बन सकता है। वाणिज्य कर आयुक्त ने आदेश दिए कि स्थानांतरण के लिए नीति के तहत विभागीय अफसर आवेदन कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही करना होगा। इसमें तबादले के इच्छुक अफसर वरीयता के हिसाब से पांच जिलों का विकल्प दे सकेंगे। सूत्रों के मुताबिक, शासन से जल्द चलने वाले तबादले के तीर का निशाना बनने से बचने के लिए कई अफसर ऑनलाइन विकल्प पर गौर कर रहे हैं। एडिशनल कमिश्नर प्रदीप यादव का कहना है कि शासन की नीति के अनुसार ही विभाग में तबादले किए जाएंगे। जो भी शासन के निर्देश होंगे उनका निश्चित तौर पर पालन कराया जाएगा।

तलाक पीडिता के आदेश पर शौहर के चाचा व जीजा को बनाया बंधक

xkft;kckn% रावली रोड स्थित आर्यनगर कालोनी में शौहर द्वारा फोन पर नौ बार तलाक कहने से आहत पत्नी के आदेश पर शौहर के चाचा व जीजा को बंधक बना लिया गया। चाचा व जीजा तलाक के समर्थन में शरीयत समझाने के लिए पत्नी के घर पहुंचे थे। बाद में दोनों ने बंधनमुक्त होकर वधु पक्ष पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों से पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बता दें कि राजपूत कालोनी निवासी बाबूद्दीन की बेटी अदा (19) का निकाह पांच मार्च को लोनी निवासी रिजवान के साथ हुआ था।



बाबूद्दीन ने अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज दिया, लेकिन रिजवान इस दहेज से संतुष्ट नहीं था। 16 दिन पहले बाबूद्दीन अपनी बेटी अदा को लेने के लिए उसकी ससुराल लोनी गए थे। तभी दहेज को लेकर रिजवान ने अदा को तीन बार तलाक कह दिया। इसके बाद बाबूद्दीन अपनी बेटी को लेकर घर आ गए और उन्होंने किसी को तीन तलाक के बारे में कुछ नहीं बताया ताकि, इस बात को दबाया जा सके। मंगलवार शाम सात बजे अदा ने रिजवान के पास फोन किया, लेकिन रिजवान ने फोन पर कहा कि वह तीन तलाक दे चुका है और अब वह उसकी पत्नी नहीं रही। इस दौरान सबा ने तीन तलाक को गलत बताया तो रिजवान ने फोन पर अदा को दोबारा से एक सांस में नौ बार तलाक बोल दिया। इसके बाद तलाक से आहत अदा फूट फूटकर रोने लगी। तलाक की जानकारी मिलने पर अदा के घर पर काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। इस बीच बाबूद्दीन ने रिजवान के परिजनों को फोन कर तलाक को गलत बताते हुए माफी मांगने के लिए कहा तो वह तलाक को जायज ठहराने लगे। तलाक के समर्थन में रिजवान का जीजा असलम व चाचा अमीरूद्दीन शरीयत समझाने अदा के घर आ पहुंचे। दोनों ने शरीयत का हवाला देते हुए अदा को रिजवान की दहलीज पर न लाने की नसीहत दी। इसी बात से गुस्साई अदा ने जीजा व चाचा को बंधक बनाने का फरमान सुना दिया। इसके बाद परिजनों ने दोनों को बंधक बना लिया। कुछ समय बाद जीजा व चाचा ने बंधनमुक्त होकर अदा के परिवार पर लाठी–डंडों से हमला बोल दिया। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी–डंडे चले। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इस बारे में मरकज मस्जिद के इमाम मौलाना रिजवान ने कुछ भी बोलने से इन्कार किया है। कार्यवाहक थानाध्यक्ष सरताज का कहना है कि दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे के साथ मारपीट कर रहे थे। पुलिस ने दोनों पक्षों से जमील, शकील, कमरूद्दीन, असलम व अमीरूद्दीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

Editorial

Gold shines: on reducing India's demand for gold

Prime Minister Narendra Modi's long-drawn-out effort to tackle the desire for gold does not seem to be bearing fruit. India's gold imports witnessed a huge jump in April, increasing threefold to $3.85 billion from $1.23 billion in April 2016. In March, the jump driven by jewellery demand was even higher as gold imports stood at $4.17 billion, compared to $974 million a year earlier. This suggests that Indian demand for gold is robust and that policymakers will have to continue worrying about its impact on the country's trade deficit for a long time to come. The trade deficit in April was $13.2 billion, the highest since November 2014, compared to $4.8 billion in the year-earlier period. The 20% increase in exports to $25 billion was overcome by a 49% increase in imports, which stood at $38 billion. The jump in gold demand is particularly significant given the many steps taken to reduce it in recent years. For instance, the demonetisation of high-value currency notes last November coincided with India's gold demand dropping to a seven-year low of 675 tonnes during 2016, according to the World Gold Council. Earlier, as part of his efforts to push Indians to decrease their gold purchases, Mr. Modi had introduced the gold monetisation scheme that aimed to reduce gold imports by using deposits to increase domestic supply. But, as of early 2017, the amount of gold that had been deposited under the scheme was less than 1% of overall gold demand in 2016.

It is no secret that Indians tend to favour gold over other income-generating financial assets. This has, for a long time, led to concerns about savings being wasted on a dormant metal instead of being invested in productive business activities. While such concerns may be valid, policymakers would do well by first tackling the issues that have explained the average Indian's preference for gold. The metal's predominant utility as a hedge against inflation, which protects the average investor lacking sophisticated financial acumen from a depreciating rupee, cannot be ignored. Ironically, the Centre's sudden demonetisation decision has possibly undermined confidence in the rupee as a store of value, adding to the yellow metal's attractiveness. Capital conservation is an important reason for investment in gold by Indian households. Gold's lure cannot be explained only as a reserve for illicit wealth or tax evasion. Access to better and more formal financial market instruments remains a pipe dream for the majority in a country where talk of financial inclusion remains at the level of opening a basic bank account. Any significant strides on this front will require structural reform of the financial sector that encourages more competition to spur financial innovation and access. Until such time, gold is likely to remain a favourite asset, with gold imports adversely impacting India's external trade balance.

BY- Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

School owner held for raping daughter

GHAZIABAD: A 45-year-old school owner was arrested on Sunday for sexually exploiting his daughter for the past seven years in Ghaziabad. The crime came to light after his 20-year-old daughter submitted a written complaint to police on Sunday. The woman, a first year BA student of IGNOU, also submitted a video clip to police along with the complaint. Police said the clip had been candidly filmed by the woman when her father had been forcing himself upon her recently. The accused has been identified as Kishor Kumar Jha. He owns an English-medium school in Preet Vihar area in Lal Quan where he also teaches Mathematics, said police. Jha also has an 18-year-old son who studies in a college in Ghaziabad. According to police, the family belongs to Darbhanga district of Bihar and came to Ghaziabad nearly 15 years ago. The woman told police that her father used to beat her if she resisted his attempts to rape. She was also threatened with dire consequences if she ever divulged about the sexual exploitation. "The woman told us that she recently confided in her friends after being overcome with a sense of guilt. The mother of one of her friends provided her counselling and egged upon her to go to the police against her father. She subsequently filmed a video and presented it as evidence. We will send the video for tests to ascertain its veracity," said SHO, Kavi Nagar, Hemant Rai. A medical examination was conducted on the woman on Sunday, the results of which are awaited. An FIR has been registered against the accused in Kavi Nagar police station under sections 376 (rape) and 323 (voluntarily causing hurt) of IPC apart from relevant sections of Protection of Children from Sexual Offences (POCSO) Act, 2012. A local court in Ghaziabad sent the accused to judicial custody. Investigations, said police, are underway to ascertain if the woman's mother, a homemaker, was complicit with her husband in the crime. "We are enquiring from family members as to why the woman did not confide in her mother all these years and preferred to talk to her friends instead. We are also trying to ascertain whether her mother preferred to keep quiet about the incident or tried to hush it up after she confided in her," added Rai.

First day of house testing time for many

LUCKNOW: The first session of the 16th assembly in Uttar Pradesh on Monday will be a major test of their parliamentary skills of all the key faces. Those who will be observed by political pundits include governor Ram Naik, Speaker Hridaya Narain Dixit, leader of the House and chief minister Aditya Nath Yogi and the joint leader of the Samajwadi Party legislature party Akhilesh Yadav. Though none of them is new to politics, they have all donned new caps in new roles and their skills would be tested tomorrow. Naik though has already passed one test getting a new protocol for himself. The Samajwadi Party government had declined to accord the new protocol to Naik. However, this is Naik's victory outside the House. Inside, he has to walk through another test—his determination to read the full speech while addressing the joint session. Unlike governors in the past, who themselves were not much interested in reading their entire speech and would abandon it mid-way declaring that the speech may be deemed read out, the octogenarian Naik is enthusiastic and determined to read the full 50-page speech about programmes of all departments. What makes it more challenging is that opposition parties are in a mood to disrupt when he is speaking. Naik's other test will be whether the Speaker tables his objection through a message before the Assembly to the election of leader of opposition Ram Govind Chaudhary as illegal. The outgoing Speaker had already lost the election had named Chaudhary as the leader of the House, something Naik had strongly objected to. It is to be seen whether Dixit would read out Naik's objections or ignore it .If Dixit tables it, it may enrage the Samajwadi Party. The first session of the House will also be a test for Dixit himself. Though an expert in parliamentary affairs, his skills would be tested in running the House with an Opposition up in arms. Another thing crucially watched will be CM Yogi's oratorical skills.

NGT asks five-star hotels to seek CGWA permission for extracting groundwater

AGRA: The National Green Tribunal on Monday directed four five-star hotels of Agra to get approval from the Central Ground Water Authority to extract groundwater and submit a report within two weeks. The court was hearing a petition filed in September 2015 by a Delhi-based environmentalist Shailesh Singh against six luxury hotels here for allegedly drawing millions of litres of ground water illegally as well as installing tube wells without permission. The petitioner said the CGWA could not grant NOC given over exploitation of the natural resource. According to a recent report, out of 75 districts of Uttar Pradesh, 34 are "overexploited" for groundwater with Shamli and Pratapgarh districts topping the list with 140% groundwater exploitation rate, followed by Saharanpur (132%), Firozabad (117%) and Agra (113%). Talking to TBC, Singh said, "The tribunal has asked the four luxury hotels to get no objection certificate from the CGWA. Earlier, CGWA has submitted a report in the tribunal and stated that all the hotels are in the over exploited zone and it has rejected their applications in the past except for one. We will challenge CGWA in court if it gives permission to hotels in future." Last year in September, the National Green Tribunal (NGT), where the petition seeking heavy penalty on these hotels for damaging the environment is filed, had ordered UP Pollution Control Board (UPPCB) officials to inspect five-stars and submit a report. Singh has filed a case against six luxury hotel of Agra, including Oberoi, Jaypee Palace, Mansingh Palace, Radisson Blue, for drawing millions of liters of groundwater illegally as well as installing tube wells without permission.

UP bride made to strip after skin disease rumours

KANPUR: A woman was allegedly forced to strip in front of the women of her groom's family in Uttar Pradesh's Mahoba district on account of a rumour that she was suffering from leukoderma, which causes white patches on the skin. The groom, Jai Hind, who was to marry Teeja, refused to go ahead with the ceremony after one of his relatives told him that the bride was suffering from the skin condition. Hind's family also created a ruckus at the venue, and the issue was resolved after Teeja's father dragged the groom's family to the police station. Police convened a panchayat, wherein elders from both sides concluded that the wedding would take place, but only after it was ascertained that Teeja did not have the disease. The bride was then taken to a small room at the police station, where she was stripped by the groom's aunts and cousins. After the rumour was determined to be false, Hind's family, accompanied by some policemen, returned to the wedding venue, where the marriage was solemnised. Hind has since apologised to the girl's family.

High tension for visitors as power lines tower over popular parks in Ghaziabad

